नई दिल्ली, गुरुवार
20 फरवरी 2020
ग्रेटर नोएडा
मूल्य ₹ 4.00
पृष्ठ 18+6=24

दैनिक जागरण

www.jagran.com
दिल्ली, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड, बिहार, झारखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और प. बंगाल से प्रकाशित

वाटर गन से मिलेगी प्रदूषण से निजात

जागरण संवाददाता, ग्रेटर नोएडा : निर्माणाधीन साइट पर धूल के महीन कणों से छुटकारा पाने के लिए गौर समूह ने निर्माणाधीन साइट पर वाटर गन लगा दी है। बिल्डर की यह योजना निर्माणाधीन साइट पर पर्यावरण प्रदूषण से निजात दिलाने में कारगर साबित होगी। बिल्डर की परियोजना सात एवेन्यू में पहली वाटर गन मशीन लगाई गई है। वाटर गन मशीन लग जाने के बाद निर्माणाधीन साइट पर काम कर रहे मजदूरों के साथ-साथ आसपास की सोसायटियों में रह रहे निवासियों ने भी राहत की सांस ली है।

ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बिल्डर की परियोजना में लगी वाटर गन मशीन

उल्लेखनीय है कि निर्माणाधीन साइट पर अक्सर निर्माण कार्य चलने की वजह से धूल उड़ती रहती है। धूल के महीन कण हवा में घुल जाते है। जिसकी वजह से काम करने वाले मजदूरों के साथ आसपास की सोसायटियों में रहने वाले लोगों को भी खासी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। पर्यावरण संरक्षण को ध्यान में रखते हुए बिल्डर ने सार्थक पहल शुरू की है। पर्यावरण के अनुकूल बिल्डर द्वारा उठाया गया यह कदम पर्यावरण सुधार में कारगर सिद्ध होगा। गौर समूह के एमडी मनोज गौड़ ने बताया कि आने वाले दो महीनों में इसी तरह की 50 गन और खरीदने की योजना है। जो बिल्डर की नोएडा, ग्रेटर नोएडा वेस्ट गाजियाबाद व यमुना एक्सप्रेस-वे पर निर्माणाधीन परियोजना में लगाई जाएगी।

पहल

- गौर समूह ने प्रदूषण रोकने के लिए स्थापित की पहली वाटन गन मशीन
- वाटर गन से निर्माण स्थल पर धूल के महीन कणों से मिलेगी मदद